प्रादेशिक समाचार बुलेटि
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की जारी : प्रदेश के दो करोड़ 25 लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित।
2. प्रदेश सरकार ने 25 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने का लिया निर्णय : बीस जिलों में निर्माण शुरू।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम अक्टूबर माह के अंत तक घोषित करने के दिए निर्देश।

और

4. अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बढ़ाई जायेंगी और सुविधाएं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वों किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ चार लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है।

बाइट पीएम...

*नवरात्र के इस पावन पवित्र समय में मुझे अभी पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला है। देश के साढ़े नौ करोड़ किसानों के खातों में आज तीस हजार करोड़ रूपये ट्रांसफर किये गये हैं, आज कृषि पशुपालन और किसान उत्पाद संघ से जुड़े सैकड़ों करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट भी जनता को समर्पित किये गये हैं।*

आज जारी की गई किसान सम्मान निधि से उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 25 लाख से अधिक किसान भी लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश के किसानों के खाते में 4 हजार 9 सौ 85 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता पहुंचो है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

वाराणसी में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले जनपद के दो लाख 12 हजार 642 किसानों को बधाई दी। इस मौके पर तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को सरसों बीज का मिनीकिट निःशुल्क वितरण किया गया।

उधर कुशीनगर में चार लाख 79 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि प्राप्त हुई। इस योजना के तहत कानपुर देहात के तीन लाख 46 हजार 817 किसानों के खाते में नौ सो चार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि भेजी गई। किसान दुर्गेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे किसानों को फसल बुआई में लाभ मिलता है। बाइट दुर्गेश....

*किसान सम्मान निधि हमको मिलती है इससे हमारी आये दोगुनी हो गई है और हमारा जो जीवनयापन है बहुत अच्छा हो चुका है, पहले की अपेक्षा जो पिछली सरकारें रहीं हैं उन्होंने ऐसा ध्यान नहीं दिया है, अब जो सरकार है उससे बहुत हद तक परिवर्तन आ गया है और किसानों के हित में सारे काम दिखाई दे रहे हैं और हो रहे हैं।*

———————

प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक कार्य बल तैयार करने के लिए 25 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। 20 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि 5 जिलों में निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यदायी संस्थाओं को कॉलेजों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे अगले शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू की जा सके।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस में सिपाही के साठ हजार दो सौ चौवालीस पदो पर भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक घोषित करने के निदेंश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी ई–पेंशन प्रणाली का लाभ दने के लिए निर्देशित किया। कल शाम एडीजी स्तर के पुलिस अधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस की अलग–अलग इकाइयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक पर हाल के दिनों में सामने आई अवरोध की घटनाओं को चिन्ताजनक बताते हुए पुलिस इंटेलिजेंस को और बेहतर करने के निर्देश दिये।

——————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले के तहत प्राकृत के साथ मराठी, पाली, असमिया और बांग्ला भाषाओं को भी शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के जैन दर्शन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर फूलचंद जैन ने सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि भाषाओं के संवर्धन और संरक्षण के लिए बेहतरीन कार्य किये जा रहे हैं। बाइट....

*अभी भारत सरकार ने जो प्राकृत भाषा के लिए क्लासिकल लैंग्वेज यानी शास्त्रीय भाषा घोंषित किया है, वह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। प्राकृत भाषा के विकास के लिए क्योंकि प्राकृत भाषा एक अपने समय में*

*सबसे प्राचीन काल में जनभाषा रही है। अशोक के लगभग दो हजार के आसपास शिलालेख मिलते हैं। उन्होंने जो आदेश लिखाये थे वो प्राकृत भाषा और ब्राहमी लिपि में लिखाये थे, तो इससे प्रमाणित होता है कि ये जनभाषा रही है और इसका बहुत विशाल साहित्य है, इस समय उपलब्ध है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज पीलीभीत जिले के पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक फार्मेसी कालेज में आयोजित दीक्षांत और प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मेधावियों को सम्मानित किया। इसके बाद राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पूरनपुर विकास खंड के गावों में नुक्कड़ सभाएं कर जनता की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

————————

प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत पांचवें चरण के आज विभिन्न जनपदों में छात्राओं को एक दिन के लिए जिलाधिकारी और अधिकारी बनाया गया। इसी क्रम में श्रावस्ती में 12वीं की छात्रा रश्मि कसौधन एक दिन की जिलाधिकारी बनीं। वहीं जौनपुर में यूपी बोर्ड के वर्ष 2023–24 बैच की इंटर की टॉपर छात्रा सेजल गुप्ता ने और मऊ में सृष्टि सिंह ने एक दिन का जिलाधिकारी बनकर लोगों की समस्याएं सुनीं। अमरोहा में छात्रा हिमाद्री सैनी को जिलाधिकारी और आराध्या यादव को पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। वाराणसी में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी संजीवनी राजेश एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनीं। जबकि लखीमपुर खीरी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की बेटी और आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने एक दिन के लिए जिलाधिकारी की कुर्सी संभाली।

————————

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए और सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने समिति को बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि दर्शन करने के बाद मंदिर से सुग्रीव किला तक एग्जिट मार्ग को अब स्थाई तौर पर विकसित किया जाएगा,

इसके अलावा राम मंदिर के निकट ही जूते की रैक भी बनाई जायेगी। बाइट नृपेन्द्र मिश्र...

*सुग्रीव किला से लेकर के मंदिर तक और मंदिर से फिर जो बाहर जाने का रास्ता है उसको अस्थायी के बजाय स्थायी रूप से उस पर कैनोपी की संरचना की जानी चाहिए। उसकी डिजाइन को कल अंतिम रूप दे दिया गया है। हम लोग एक इस प्रकार का 22 रैक बनाने जा रहे है जो मंदिर के निकट जहां पुलिस चौकी पुरानी थी वहां पर 22 रैक बनेगा, तो अब वहां तक श्रद्धालु जूता पहनकर जा सकेंगे। इसका डिजाइन का कल अंतिम रूप दे दिया गया है और यह अगले छह माह में पूर्ण किया जायेगा।*

———————

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज मां चन्द्रघंटा की आराधना की जा रही है। मिर्जापुर के विन्ध्यवासिनी धाम, कन्नौज के ऐतिहासिक सिद्धपीठ मां फूलमती मन्दिर और बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ सहित प्रदेश के सभी दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। और जानकारी हमारे बलरामपुर प्रतिनिधि से...

*शारदीय नवरात्र के अवसर पर देवीपाटन मंदिर में प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की लाइन दर्शन पूजन हेतु लगी हुई है। पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालुओं का आना जारी है। देवीपाटन शक्तिपीठ के नवरात्रि मेले हेतु पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा गोरखपुर गोंडा वाया तुलसीपुर मार्ग पर मेला स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही है। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सतर्कता बरत रहा है। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

———————

लखनऊ में 42 वें ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज उत्तर प्रदेश एकादश ने

जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए जीएसटी सेंट्रल चेन्नई को 6–शून्य से हरा दिया। वहीं एक दूसरे मैच में मुंबई कस्टम ने पंजाब एंड सिंध बैंक को मात दी। मुम्बई कस्टम ने पांच गोल किये जवाब में पंजाब एंड सिंध बैंक की टीम सिर्फ दो गोल कर सकी।

——————————